वैक्सीन पर्यटन (Vaccine Tourism)

sanskritiias.com/hindi/pt-cards/vaccine-tourism

- भारत में 'वैक्सीन टूरिज़्म' शब्द पिछले वर्ष के अंत में लोकप्रिय हुआ, जब कई **पर्यटन कंपनियों ने टीकाकरण के अतिरिक्त लाभ के साथ अमेरिकी पर्यटन पैकेज की पेशकश** की। कुछ दिन पूर्व दुबई आधारित एक पर्यटन संचालक ने दिल्ली-मास्को 24-दिवसीय पर्यटन पैकेज की पेशकश की, जिसमें रूसी स्पुतनिक-वी टीके के दो डोज़ शामिल थे।
- वस्तुतः वैक्सीन पर्यटन उन देशों में अधिक प्रचलित हुआ है, जहाँ टीकों की आपूर्ति कम है तथा कुछ समूहों के लिये टीकाकरण प्रतिबंधित किया गया है। **विश्व में अमेरिका, रूस, स्लोवाकिया, ज़िम्बाब्वे आदि कुछ ऐसे देश हैं जो अपनी टीकाकरण नीति को स्थानीय निवासियों के लिये प्रतिबंधित नहीं** करते हैं।
- **वर्तमान में टीकाकरण के लिये किसी देश की यात्रा करना अवैध नहीं है, यदि हवाई यात्रा की अनुमति** है। हालाँकि, भारत में वैक्सीन पर्यटन का विचार तेज़ी से प्रसारित हो रहा है। किंतु भारत से टीकाकरण के लिये किसी को विदेश जाने की आवश्यकता नहीं है क्योंकि वर्ष 2021 के अंत तक देश में सभी पात्र व्यक्तियों का टीकाकरण यथासंभव उचित दरों पर किया जाएगा।
- विदित है कि रूस और मालदीव पहले से पर्यटकों को विदेशी यात्रा के दौरान टीकाकरण का अतिरिक्त लाभ देने के कार्यक्रम पर कार्य कर रहे हैं। इसी तरह के लाभ कार्यक्रम अमेरिका तथा यूरोप के साथ विश्व भर के कई देशों में प्रचलित हो रहें हैं।

IAS / PCS
Online Video Course
सामान्य अध्ययन
+
वैकल्पिक विषय
(इतिहास एवं भूगोल)
Online
Learning
Programme
संस्कृति
IAS
JOIN NOW
15% Discount for
Next 500 Students

IAS / PCS
Pendrive Course
सामान्य अध्ययन
+
वैकल्पिक विषय
(इतिहास एवं भूगोल)
15% Discount for Next
500 Students